"सतर्कता जागरूकता सप्ताह"

(दिनाँक 28 अक्टू.,2019)

आंतरिक सुरक्षा अकादमी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आबू पर्वत में दिनाँक 28 अक्टूबर, 2019 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत द्वारा किया गया । इस अवसर पर निदेशक महोदय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के सप्ताह को देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रुप में मनाते है भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में सभी को जागरूक होकर पूर्ण ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करे, तथा भ्रष्टाचार से होने वाले नुकसान के बारे में जन जागरूकता पैदा करें । इस अवसर पर निदेशक महोदय ने संबोधन के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री आर.एस. चौहान, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), श्री के.के. पांडेय, कमांडेंट (प्रशिक्षण) तथा राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारम्भ पर संबोधित करते हुए।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर शपथ दिलाते हुए।